निविदा आमंत्रण सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी फर्मो/निर्माताओं/पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार दिनांक 14–05–2026 को 14:00 बजे तक दो भागों में मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:30 बजे उपस्थित निविदाकारों/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। निर्धारित तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होने की स्थिति में निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही अगले कार्य दिवस में सम्पादित की जायेगी। निविदा के प्रथम भाग में संबंधित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र एवं धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/टी0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता, परिचालन एवं अनुरक्षण खण्ड, पिटकुल, अल्मोड़ा के नाम प्रतिभूत कर जमा करना अनिवार्य होगा। दूसरे भाग में दरें होंगी। धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा का दूसरा भाग नहीं खोला जायेगा और ना ही निविदाओं में शामिल किया जायेगा। फर्म/ठेकेदार का आयकर/ई0पी0एफ0/जी0एस0टी0 में पंजीकरण अनिवार्य है।

निविदा संख्याः 02/2026–27, 03/2026–27 एवं 04/2026–27 सम्बन्धी प्रपत्र निविदा का निर्धारित शुल्क बैक ड्राफ्ट के रूप में अधिशासी अभियन्ता, परिचालन एवं अनुरक्षण खण्ड, पिटकुल, अल्मोड़ा के नाम जमा करने के उपरान्त इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक निविदा खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व तक ही प्राप्त किये जा सकते हैं। डाक द्वारा मांगने पर रू0 50/– अतिरिक्त देय होगा।

निविदा संख्याः 05/2026–27, 06/2026–27, 07/2026–27 एवं 08/2026–27 के निविदा प्रपत्र तथा निविदा सम्बन्धी पूर्ण विवरण, नियम एवं शर्तें पिटकुल की वेबसाइट www.ptcul.org से दिनांक 06.05.2026 तक ही डाउनलोड की जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र शुल्क एवं धरोहर धनराशि निविदा प्रस्तुत करने के समय पर ही भुगतान किया जायेगा। निविदायें पंजीकृत/स्पीड पोस्ट डाक के माध्यम से ही प्राप्त की जायेंगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने एवं कार्य की मात्रा घटाने/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है।

1. **निविदा संख्या–02/2026–27:** 132 केवी उपकेन्द्र, पिथौरागढ़ में SF-6 Gas की आपूर्ति का कार्य। धरोहर धनराशि रू 3500.00, निविदा प्रपत्र का शुल्क– रू0 118.00 (जी0एस0टी0 सहित)।
2. **निविदा संख्या–03/2026–27:** 132 केवी उपकेन्द्र, पिथौरागढ़ में विभिन्न प्रकार के Fire Extingushers की Refilling का कार्य। धरोहर धनराशि रू 3500.00, निविदा प्रपत्र का शुल्क– रू0 118.00 (जी0एस0टी0 सहित)।
3. **निविदा संख्या–04/2026–27:** 132 केवी उपकेन्द्र, बागेश्वर में UPS एवं Batteries की आपूर्ति एवं लगाने का कार्य। धरोहर धनराशि रू 3500.00, निविदा प्रपत्र का शुल्क– रू0 118.00 (जी0एस0टी0 सहित)।
4. **निविदा संख्या–05/2026–27:** 132 केवी उपकेन्द्र, बागेश्वर में Trench Cover की आपूर्ति एवं लगाने का कार्य एवं अन्य कार्य। धरोहर धनराशि रू 7000.00, निविदा प्रपत्र का शुल्क– रू0 295.00 (जी0एस0टी0 सहित)।
5. **निविदा संख्या–06/2026–27:** 132 केवी उपकेन्द्र, बागेश्वर में Insulation Mat की आपूर्ति एवं लगाने तथा विभिन्न प्रकार के Fire Extingushers की Refilling का कार्य। धरोहर धनराशि रू 7000.00, निविदा प्रपत्र का शुल्क– रू0 295.00 (जी0एस0टी0 सहित)।
6. **निविदा संख्या–07/2026–27:** 132 केवी उपकेन्द्र, रानीखेत में Annexe Room के फर्श, किचन, पोर्च एवं स्टोर के साथ सम्बद्ध रूम के नवीनीकरण का कार्य। धरोहर धनराशि रू 7000.00, निविदा प्रपत्र का शुल्क– रू0 295.00 (जी0एस0टी0 सहित)।
7. **निविदा संख्या–08/2026–27:** 132 केवी उपकेन्द्र, रानीखेत में 33 KV Bus Post Insulator की आपूर्ति एवं लगाने का कार्य। धरोहर धनराशि रू 7000.00, निविदा प्रपत्र का शुल्क– रू0 295.00 (जी0एस0टी0 सहित)।

"राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें"

अधिशासी अभियन्ता
परिचालन एवं अनुरक्षण खण्ड
पिटकुल, अल्मोड़ा

पत्रांकः 289/परि0 एवं अनु0ख0(अ)/निविदा **दिनांक :– 15.04.2026**